मनचले युवकों ने झरने में नहाते वक्त मचाया उत्पात

जयपुर। ब्रह्मपुरी थाना इलाके में स्थित हथिनी कुंड में नहाते वक्त उत्पात मचाने पर कुछ युवकों और बाबा के बीच लाठी-भाटा जंग शुरु हो गई। घटना स्थल पर मौजूद विदेशी-सैलानियों ने झगड़ा का वीड़ियों बनाना शुरु कर दिया।

वीड़ियों वायरल होने के बाद पुलिस ने परिवाद दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि शनिवार को हथिनी कुंड में बारिश के पानी से झरना बह रहा था। झरने में नहाने के लिए कुछ लड़के ग्रुप बनाकर वहां नहाने आ गए। आधा दर्जन से अधिक लड़के कपड़े खोलकर झरने में नहाने उतर गए और एक दुसरे से गाली-गलौच करने लगे।

झरने के पास ही बैठे बाबा ने उन्हे गाली-गलौच करने से मना किया । लेकिन युवकों ने बाबा की बात नहीं मानी। इसी दौरान बाबा गुस्से में आ गया और पत्थर उठाकर झरने में नहाते युवकों पर फेंकना शुरु कर दिया। तभी आधा दर्जन से अधिक युवक झरने से बाहर आ गए और बाबा से हाथापाई शुरु कर दी। देखते ही देखते झगड़ा बढ़ गया और बाबा और युवकों ने बीच लाठी भाटा जंग शुरु हो गई। लाठी भाटा जंग में एक युवक गड्ढे में गिर गया। घटना स्थल पर मौजूद विदेशी सैलानियों ने पूरी घटना का वीड़ियों बनाया और उसे वायरल कर दिया।

युवक की चाकू घोंपकर हत्या,आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लगाया जाम

- पुरानी रंजिश में युवक की चाकू घोंपकर हत्या
- जामडोली हत्याकांड के मुख्य आरोपी सहित छह गिरफ्तार
- पुलिस उपनिरीक्षक की पिस्टल छीन कर भाग रहा था
- आपसी मुठभेड़ में पैर पर गोली लगी

जयपुर। राजधानी के जामडोली थाना इलाके के पालड़ी मीणा कच्ची बस्ती में पुरानी रंजिश के चलते रविवार देर रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या करने का मामला सामने आया। पुलिस जानकारी में सामने आया युवक की हत्या के बाद गुस्साई भीड़ ने जयपुर-आगरा हाईवे (जामडोली) जाम कर दिया और पचास लाख रुपए मुआवजा, मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी, जामडोली थाना अधिकारी के निलंबन सहित फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस की सुनवाई जैसे मांग करने लगे। पुलिस ने समझाने की कोशिश की तो जमकर धक्का-मुक्की की गई। साथ ही दुकानों पर पथराव किया,इस पथराव में एक जवान भी घायल हो गया। इधर मामला बिगड़ता देख पुलिस ने भीड़ को खदेड़ दिया। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। वहीं पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुटी और साथ ही आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाई गई। पुलिस के आलाधिकारी मामले पर नजर रखे हुए है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि पुलिस इस हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपित सहित छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हे पकड़ कर थाना लाया जा रहा था। इस दौरान मुख्स आरोपित हिस्ट्रीशीटर अनस खान पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) की पिस्टल छीन कर भाग रहा था। जहां आपसी मुठभेड़ में उसके पैर पर गोली लगी है। जिसका सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया जामडोली थाना इलाके के पालड़ी मीणा कच्ची बस्ती निवासी विपिन नायक (22) की पुरानी रंजिश के चलते चाकू घोपकर दिया। सूचना पर मिलने पर परिजन उसे लहूलुहान हालत में सवाई मानसिंह अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान विपिन ने दम तोड़ दिया।

पुलिस पड़ताल में सामने आया है कि विपिन परचूनी की दुकान पर काम करता था। उसका भट्टा बस्ती निवासी अनस नाम के एक व्यक्ति से पुराना झगड़ा था। एक महीने पहले दोनों में सुलह हो गई, लेकिन फिर दोनों में अनबन शुरू हो गई। जो रविवार रात को अपने साथियों के साथ बाइक पर पालड़ी मीणा आया और आरोपियों ने विपिन को घर के सामने रोक कर अंधेरे की तरफ ले गए। जहां आरोपितों ने विपिन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसके चिल्लाने पर आसपास से लोग आए तो बदमाश बाइक लेकर भाग गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगालते हुए चाकू से वार कर हत्या मामले में मुख्य आरोपी सहित छह आरोपियों को डिटेन कर थाने लाया जा रहा था। इस दौरान मुख्य आरोपित हिस्ट्रीशीटर अनस खान पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) की पिस्टल छीन कर भाग रहा था। जहां आपसी मुठभेड़ में उसके पैर पर गोली लगी है। जिसका सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं अन्य आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि पुलिस अधिकारियों सहित सौ से अधिक जवानों की टीम लगी हुई है। हत्या के मामले में आरोपियों को राउंडअप किया गया है। जिन्हे सुबह पुलिस आरोपियों को जामडोली थाने ला रही थी। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर अनस खान ने एएसआई की पिस्टल छीनने की कोशिश की। बीच बचाव में उसके दोनों पैर में गोली लग गई। इलाज के लिए उसे एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। वहीं जल्दी उनके अन्य साथियों को भी पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस की ओर से कानून व्यवस्था संभालने के साथी उचित कार्रवाई को लेकर काम किया जा रहा है।हत्या के विरोध में बड़ी संख्या में मृतक के परिवार सहित क्षेत्रीय लोगों ने जयपुर-आगरा हाईवे जाम कर दिया। लोगों ने हत्या में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग रखी और विपिन के परिजनों की ओर से 8-9 लड़कों के खिलाफ नामजद हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इस दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। इससे दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया जा सका। इसके बाद एक बार फिर मामला बिगड़ा और प्रदर्शनकारी आक्रामक हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई।आक्रोशित लोग आरोपी को फांसी दो के नारे लगाते समय जयपुर-आगरा हाईवे जाम के दौरान पथराव कर दिया। इस पथराव में एक पुलिस जवान के सिर में पत्थर लग गया। उसे पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जाम हटाने की कार्रवाई के दौरान जवान के सिर में चोट लगने से वह नीचे गिर पड़ा।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (डीसीपी पूर्व) आशाराम चौधरी ने बताया कि मृतक विपिन के शरीर पर चौदह घाव थे। उसकी हालत बेहद नाजुक थी और ज्यादा खून बह जाने के कारण वह बच नहीं सका।

तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार तीन जनों को कुचला

- हादसे में पति-पत्नी और बच्चे की मौत
- पुलिस ने मृतकों के शव रखवाए मोर्चरी में
- पुलिस दुर्घटना के मामले की कर रही जांच
- दहमी बालाजी पुलिया पर हुआ हादसा

जयपुर। बगरू थाना इलाके में सोमवार दोपहर को तेज रफ्तार आ रहे ट्रेलर ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंदता हुआ निकल गया। इस हादसे में पति-पत्नी सहित चार साल की एक मासूम की मौत हो गई। पुलिस जानकारी में सामने आया कि बगरू के बोराज से तीनों बाइक से घर की ओर लौट रहे थे। इस दौरान ट्रेलर ने साइड से दबाते हुए तीनों को टायरों से रौंदता हुआ ट्रेलर निकल गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना कर शवों को कब्जे में लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए तीनों शव सीएससी बगरू की मोर्चरी में भिजवा। वहीं पुलिस ने अज्ञात ट्रेलर सहित चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस हेड कांस्टेबल विनोद ने बताया कि सड़क हादसे में आदर्श नगर थाना इलाके में स्थित राजापार्क के गुरुनानकपुरा निवासी दीपक वर्मा (34), उसकी पत्नी माया (30) और 4 साल के बेटे दीक्षित की मौत हो गई। मृतक परिवार की राजा पार्क के में ड्राइक्लीन की दुकान थी। जो परिवार के साथ बगरू बोराज स्थित ससुराल आया हुआ था। और सोमवार की दोपहर परिवार सहित बाइक से बोराज से अपने घर राजा पार्क जाने के लिए जा रहे थे। इस दौरान दहमी बालाजी पुलिया के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने साइड में दबाते हुए तीनों को बाइक सहित सड़क पर गिरा दिय। इससे तीनों की टायरों के नीचे आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सीएससी बगरू की मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचित कर दिया है। वहीं पुलिस ने ट्रेलर सहित चालक की तलाश कर रही है।

पाँच दिवसीय 'कृषक सखी/सीआरपी प्रशिक्षण' का सफल समापन

जयपुर । कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के प्रसार शिक्षा निदेशालय में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा प्रायोजित पाँच दिवसीय 'कृषक सखी/सीआरपी प्रशिक्षण' का दिनांक 19 जुलाई 2025 को सफलता पूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर डॉ. बलराज सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को खेत में उपलब्ध समस्त संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए प्राकृतिक खेती करने एवं प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ईश्वर लाल यादव, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) खंड जयपुर ने मानव शरीर में वर्तमान में हो रही विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचने एवं जहर मुक्त खाद्यान्न उत्पादन में प्राकृतिक खेती के महत्व को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निदेशक प्रसार शिक्षा कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर डॉ. एस आर ढाका ने प्राकृतिक खेती को लेकर जागरूकता फैलाने पर जोर दिया।

माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

- स्कूल की ऑफिशियल आईडी पर भेजा धमकी भरा ईमेल
- डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड सहित पुलिस टीम ने चलाया सघन तलाशी अभियान

जयपुर। विधाधर नगर थाना इलाके में स्थित माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल (एमजीपीएस) में उस समय हड़कंप मच गया। जब सोमवार सुबह स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। जानकारी के अनुसार यह धमकी भरा ईमेल स्कूल की ऑफिशियल आईडी पर भेजा गया है। जिसमें लिखा था कि बम हमारे शरीर में लगा है, हम शहीद होंगे और जन्नत नसीब होगी। स्कूल को बम से उड़ाने का मिले ईमेल के बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। जहां पुलिस के आलाधिकारी सहित पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और स्कूल की बिल्डिंग से साढ़े तीन हजार बच्चों को बाहर निकाल लिया गया है। वहीं सूचना पर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और पूरे स्कूल परिसर में तलाशी अभियान चलाया। जहां सभी एजेंसियों सहित पुलिस की जांच में अभी तक कुछ संदिग्ध नहीं मिला है।

थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि विद्याधर नगर के सेक्टर एक में माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक (एमजीपीएस) स्कूल है। जहां पर स्कूल की ऑफिशियल मेल आईडी पर विस्फोटक रखकर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी कि बम हमारे शरीर पर लगा हुआ है। एमजीपीएस स्कूल में आरएफआईडी के सम्पर्क में आते ही एक्टिवेट हो जाएंगे। हम शहीद होंगे और जन्नत नसीब होगी। प्लान बी के तहत दो बम स्कूल में भी प्लांट किए गए हैं। जब सोमवार सुबह सवा नौ बजे स्कूल प्रशासन की ओर से ईमेल चेक की गई तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और आधे घंटे में स्कूल से बच्चों को बाहर निकाल लिया गया। साथ ही डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड ने स्कूल की सभी कक्षाओं, मैदान, पार्किंग और आसपास के क्षेत्र में गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जहां सर्च ऑपरेशन पूरा होने के बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मेल किसी फर्जी आईडी से भेजा गया है, लेकिन मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए पुलिस अब साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से धमकी भरे ईमेल की जांच कर रही है और मेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। स्कूल प्रशासन की ओर से सभी अभिभावकों को सूचना दी कि स्कूल में शॉर्ट सर्किट हुआ है। वह अपने बच्चे को लेने आ जाएं। सूचना मिलते ही सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चे को लेने पहुंच गए।

जिला कलक्टर सोनी ने पौधारोपण कर किया अभियान का शुभारंभ

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन द्वारा जिले के पंच गौरव के प्रोत्साहन एवं संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को जयपुर जिला प्रशासन द्वारा ने वनस्पति प्रजाति एवं उपज संरक्षण व संवर्धन अभियान का आगाज़ किया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिला कलक्ट्रेट परिसर में जयपुर जिले के पंच गौरव में शुमार एक वनस्पति प्रजाति-लिसोड़ा एवं एक उपज- आंवले का पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में जिले के सभी उपखण्ड स्तर पर भी जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा आंवले एवं लिसोड़े के पौधे लगाए गए। इस अभियान का लक्ष्य पंच-गौरव कार्यक्रम के तहत एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति लिसोड़ा व एक जिला-एक उपज आंवला की महत्ता, उपयोगिता एवं आवश्यकता से आमजन को परिचित करवाने एवं रोजगार की दृष्टि से जनउपयोगी बनाना है।



कलैक्टर जितेन्द्र कुमार (बीच में) ने पौधारोपण किया।

धाकड़ समाज समिति जयपुर की बैठक

जयपुर। धाकड़ समाज समिति जयपुर की प्रताप नगर स्थित एक निजी होटल में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। समिति द्वारा आने वाले चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत योजना बनाई गई है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज के चुनाव 28 सितंबर (रविवार) को आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले 31 अगस्त तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोडने का प्रयास किया जाएगा। सदस्य बनने के बाद ही व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकेगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष एडवोकेट महेश धाकड़ ने एडवोकेट बी.एल. धाकड़ को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की, जिसका जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया।

राजस्थान विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कार्मिक को पेंशन सुनिश्चित करने की मांग

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय सेवानिवृत कर्मचारी एसोसिएशन की ओर से राज्य सरकार से मांग की गई है कि उन्हें समय पर पेंशन देने की व्यवस्था की जाएं।

राजस्थान विश्वविद्यालय एसोसिएशन ने सरकार से अनुरोध किया है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में शिक्षा के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए संभाग स्तर पर विश्वविद्यालय खोल ने का कार्य किया है एवं निजी क्षेत्र को भी विश्वविद्यालय खोल ने की छूट दी गई है। इसके कारण प्रदेश में अनेक महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अस्तिव में हैं और इसी के कारण राजस्थान विश्वविद्यालय जो सबसे पुराना एवं प्रतिष्ठित संस्थान रहा है अब छात्रों का अभाव महसूस कर रहा है। इस वजह से विश्वविद्यालय की आय में भारी कमी आई है।

राजस्थान विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के राज्य वित पोषित विश्वविद्यालय आर्थिक संकट में है। प्रदेश के राज्य पोषित इन संस्थानों के कार्मिकों को मिली पेंशन सुविधा माननीय भैरू सिंह जी शेखावत पूर्व मुख्यमंत्री एवं माननीया शिक्षा मंत्री सुमित्रा सिंह एवं तत्कालिन कुल पति प्रो. एस.एन सिन्हा जी की सहमति एवं स्वीकृत पश्चात मिली थी। उससे आज कर्मचारी वंचित होने की स्थिति में है। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं राज्य के कृषि विश्वविद्यालयों में पेंशन भुगतान नियमित समय पर नहीं हो रहा है। इसलिए पेंशन भुगतान राशि का भार राज्य सरकार वहन करें।

राजस्थान विश्वविद्यालय एसोसिएशन की ओर से महामहिम राज्यपाल महोदय, माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं कुल गुरू राजस्थान विश्वविद्यालय से मांग की गई है कि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत कार्मिकों को समय पर पेंशन देने की कार्यवाही सुचारू रूप से जारी कि जाएं।

देवस्थान मंत्री ने किया महादेव का सहस्त्रधारा रूद्राभिषेक

- मंत्री कुमावत ने रूद्रीपाठ के उच्चारण के बीच विधि-विधान के साथ रूद्राभिषेक कर देवाधिदेव महादेव से लोकमंगल और राष्ट्रकल्याण की प्रार्थना की।

जयपुर। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को देवस्थान विभाग की ओर से 80 से अधिक राजकीय व प्रन्यास प्रबंधित शिव मंदिरों रुद्धाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी कड़ी में देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को जयपुर के त्रिपोलिया बाजार स्थित राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार मंदिर प्रतापेश्वर मंदिर में सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक किया। मंत्री कुमावत ने रूद्रीपाठ के उच्चारण के बीच विधि-विधान के साथ रूद्राभिषेक कर देवाधिदेव महादेव से लोकमंगल और राष्ट्रकल्याण की प्रार्थना की। रुद्राभिषेक के उपरांत कुमावत ने शिवोपासना का अनुष्ठान संपन्न किया।

इस दौरान देवस्थान विभाग के मंदिरों के पुजारियों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मंत्री कुमावत ने आरती कर चराचर जगत के कल्याण के लिए आदियोगी महादेव से प्रार्थना की। अनुष्ठान का यह कार्य दो घंटे से अधिक समय तक चला। उन्होंने यहां भगवान नंदी का पूजन कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।वही मीडिया से रूबरू होते हुए मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि आज मुझे महाराजा सवाई प्रताप सिंह जी द्धारा संवंत 1851 में स्थापित प्रतापेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रुद्राभिषेक से जीवन में सुख, समृद्धि, संतान सुख, धन लाभ और मानसिक शांति प्राप्त होती है। मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करते हुए भगवान शिव का दुग्धा अभिषेक करते हुए प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। कुमावत ने बताया कि देवस्थान विभाग की ओर से प्राचीन शिव मंदिरों में प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक कार्यक्रम किए जाएंगे। इस मौके पर सहायक आयुक्त रतनलाल योगी, निरीक्षक सुरेंद्र कुमार पूनिया आदि मौजूद थे।



देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत (दांये) ने सोमवार को प्रतापेश्वर मंदिर में सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित हुआ "सृजन की सुरक्षा" वृक्षारोपण अभियान

जयपुर । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला द्वारा सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बूज जमवारामगढ जयपुर में "सृजन की सुरक्षा" स्कीम के तहत विधिक जागरूकता व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला पवन कुमार जीनवाल एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय पल्लवी शर्मा ने ग्राम पंचायत बूज में 14 नवजन्मी बालिकाओं के जन्म के उपलक्ष्य में उनके परिजनों, स्कूली विद्यार्थीगण व स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर वृक्षारोपण कर एवं उन पर राखी बंधवाकर नवजन्मी बालिकाओं को हरित बालिका विशिष्ट पहचान पत्र वितरित किए।

कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय पल्लवी शर्मा द्वारा बताया गया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहन देने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "सृजन की सुरक्षा" नामक अभियान की शुरूआत की गई है जिसमें प्रत्येक जिला स्तर पर एक ग्राम पंचायत को चिन्हित कर उसमें जन्म लेने वाली बालिकाओं के परिजनों के द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से 11 पौधे लगवाए जाएंगे।पवन कुमार जीनवाल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित रखना तथा कन्या भ्रूण हत्या व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों को रोकने में सहयोग प्रदान करना व बालिका शिक्षा को बढावा देना है।

सार-समाचार

अपहरण कर फिरौती मांगने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

जयपुर। श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण कर फिरौती मांगने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि अपहरणकर्ता पीड़ित के दोस्त है और उन्होंने अपहरण कर छोड़ने के एवज में परिजनों से फिरौती मांगी थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। सहायक पुलिस आयुक्त(सोडाला एसीपी) योगेश चौधरी ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने 18 जुलाई को अनिकेत सोनी का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले दोस्त साहिल खान (24) निवासी खण्डेला जिला सीकर हाल करधनी जयपुर और नदीम कुरैशी (27)निवासी झोटवाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उनको व्यापार में नुकसान हो गया था, जिससे लोगों से काफी रुपये उधार ले रखे थे। लेकिन रुपया नहीं लौटा पा रहे थे। उनका दोस्त अनिकेत सोनी काफी पैसे वाला है। जिससे हमने उसी का अपहरण करने का प्लान बनाया था । उसका मौका देखकर अपहरण कर लिया। थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि अनिकेत सोनी ने मामला दर्ज करवाया था कि 18 जुलाई को अपने दोस्त आयुष शर्मा की बर्थडे पार्टी में जाने के लिए घर से गाड़ी लेकर गया था तथा रात्रि दो बजे तक पार्टी में रहा। पार्टी खत्म होने के बाद उसके सभी दोस्त वही पर सो गये थे । लेकिन उसे घर वापस आना था तो उसके दोस्त नदीम ने कहा कि वह तो विधाधर नगर जाएगा । वह साहिल को अपने साथ ले जा इसको ड्राप कर देना । उसके बाद पीडित और साहिल गाड़ी से रवाना होकर शिवज्ञान हाईटस के पास अजमेर रोड पहुंचे तो साहिल ने टॉयलेट जाने के बहाने गाड़ी रूकवाई। गाड़ी रोकते हुए चार अन्य लोग गाड़ी में घुसे और मारपीट करते हुए सोने की चैन व एक रुद्राक्ष माला छीन ली । साहिल पीछे वाली सीट पर था और अन्य चारो ने चेहरे पर गमछा बांध रखा था। इसके बाद सीकर रोड होते हुए दौलतपुरा टोल के पास घुमाते रहे। इसके बाद फिरौती की मांग की

युवक ने पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

जयपुर। बजाज नगर थाना इलाके में सोमवार दोपहर को एक युवक ने पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिले पर पुलिस मौके पर पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जयपुरिया स्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। जांच अधिकारी एसआई कविता ने बताया कि थाना इलाके में स्थित आदिनाथ नगर में युवक का शव पेड़ से लटका मिलने की सूचना मिली थी। शव मिलने की सूचना पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस के मौका-मुआयना करने शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को जयपुरिया अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र 35-40 के बीच है। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में युवक ने रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। इसके बाद ही आत्महत्या के कारण का पता चलेगा।

परिचित युवक ने किया महिला से दुष्कर्म

जयपुर। जालुपुरा थाना इलाके में परिचित युवक द्वारा महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपित अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर पिछले चार साल तक देहशोषण करता आ रहा है। इस संबंध में थाने में पीड़ित महिला ने आरोपित परिचित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके की रहने वाली 34 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण आरोपित से उसकी बातचीत थी। आरोप है कि दिसम्बर-2021 में आरोपी ने धोखे से मिलने के बहाने बुलाया। मिलने जाने पर कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर पिला दिया। नशे की हालत में आरोपी उसे जालूपुरा स्थित एक होटल में ले जाकर बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो अपने मोबाइल में बना लिए। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर देह शोषण करने लगा। पिछले चार साल तक ब्लैकमेल कर देह शोषण करता रहा। विरोध कर बात मानने से मना करने पर अश्लील वीडियो को रिश्तेदारों को वायरल कर दिया। इसका पता चलने पर पीड़िता ने मामला दर्ज करवाया।

पेशरार समाज ने वरिष्ठ सदस्यों और भामाशाहों का सम्मान किया

जयपुर। पेंशनर समाज उप शाखा मालवीय नगर का 21 वां वार्षिक सम्मान समारोह सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया। समारोह में 75 वर्ष से अधिक उम्र के 96 सदस्यों एवं 27 भामाशाहों का मोमेंटो, शाल एवं माला पहना कर सम्मानित किया गया। उप सचिव बाबू लाल गुप्ता, एवं मीडिया प्रभारी कैलाश चंद पाटनी ने सभी उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें यथा स्थान बैठाया। सचिव प्रीतम दास अरोड़ा ने बताया की पेंशनर समाज की मालवीय नगर शाखा में सबसे अधिक 2150 सदस्य है जो राज्य में सबसे बड़ी शाखा के रूप में सक्रीय रूप से कार्यरत ह समारोह का संचालन ओम प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला सचिव, राज्य स्तरीय पूर्व कोषाध्याक्ष, उप शाखा अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य, कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

देशी कट्टा मय कारतूस सहित एक बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित एक बदमाश को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित अल्ताफ खान उर्फ डांसर (25) निवासी गलता गेट जयपुर हाल जयसिंह पुरा खोर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध हथियार एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।